पंजाब केसरी 25/07/2024

आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत डा. एल.पी. भट्ट ने दिया प्रेरणादायक व्याख्यान

अम्बाला, 24 जुलाई (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज में पानीपत स्थित नैशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रिन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनैस डिवैल्पमैंट और केंद्रीय लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत नैशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के राज्य निदेशक डा. एल.पी. भट्ट ने आत्मनिर्भर भारत अभियान पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।

इसी शृंखला में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने आत्मनिर्भर भारत के सकारात्मक रूप को स्थापित करने के उद्देश्य से जी.एम.एन. कालेज में आज यह पहल की कि विद्यार्थी किस प्रकार स्वयं को सशक्त बना सकते हैं। अत: सरकार की इस संदर्भ में अनेक नीतियां है, जिसका विद्यार्थी समय रहते लाभ उठाकर अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।



जी.एम.एन. कालेज में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर विद्यार्थियों को संबोधित करते नैशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के राज्य निदेशक डा. एल.पी. भट्ट।

अपने संबोधन में डा. भट्ट ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के महत्व और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है, जिससे देश को अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत युवाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अपने क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन सकें। इसके लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम और स्किल डिवैल्पमैंट इनीशिएटिव्स को लागू किया जा रहा है।

डा. भट्ट ने स्थानीय उद्योगों को भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार और उद्योगों के बीच साझेदारी से ही वास्तविक आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से उद्यमियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा बनकर अपने कौशल को विकसित करें, ताकि वे न केवल अपने लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए योगदान दे सकें।